



# बस स्टैंड यात्री प्रतीक्षालय बैढ़न के पंखे बने शोपीस

## गर्मी में पसीना पोछते नजर आते हैं मुसाफिर, साफ-सफाई का भी अभाव, अव्यवस्थित खड़ी हो रहीं बसें

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली, 14 अप्रैल। जिला मुख्यालय बैढ़न के अंतर्राज्यीय बस स्टैंड अव्यवस्थाओं से घिरा हुआ है। आलम यह है कि बस स्टैंड के यात्री प्रतिक्षालय में दर्जन भर पंखे लगे हुये हैं, लेकिन सभी शोपीस बन कर रह गये। इस गर्मी के दिनों में भी पंखे चालू हालत में नही हैं।**






दरअसल अंतर्राज्यीय बस स्टैंड बैढ़न दिनों दिन अव्यवस्थाओं से गुजर रहा है। यहां बसे मनमानी तौर पर खड़ा कर दिये जाने से दोपहर के वक्त बाईक लेकर बस स्टैंड के अंदर प्रवेश करना मुश्किल हो जाता है। यह समस्या आज से नही कई महीनों से है। कोतवाली पुलिस बस स्टैंड आने से कतराती है। जबकि बस स्टैंड में जेबकतरा-शराबी, जुआड़ी सक्रिय रहते हैं और बस स्टैंड में इन्ही का दबदबा भी रहता है। जिसके चलते आये दिन तूतू-मैंमैं की भी स्थिति बनी रहती है। इतना ही नही बसों के अव्यस्थित खड़े होने से बस चालक भी आपस में विवाद करते रहते हैं। इधर बस स्टैंड यात्री प्रतिक्षालय की स्थिति इन दिनों बेहद खराब बताई जाती है। यहां के कई मुसाफिरों ने बताया कि चारों तरफ गंदगी एवं गुटखा-पान के थूंक नजर आता है। इतना ही नही यहां अराजक तत्वों एवं मनचलों का भी अड्डा बना हुआ है। यात्री यह भी बताते हैं कि यहां बैठने तक की जगह नही मिल पाती। शराबियों, जुआड़ियों एवं मनचलों का दबदबा बना रहता है। जगह खाली करने की बात पर उलझ जाते हैं। कई यात्रियों का यह भी कहना है कि यहां पंखे सिर्फ शोपीस के लिए लगे हुये हैं। एक भी पंखे चालू हालत में नही हैं। कनेक्शन के अभाव में बंद है या फिर खराब है, इसे तो कोई बताने के लिए तैयार नही है। जबकि इन दिनों तापमान बढ़ा है। गर्मी से लोग यात्री प्रतिक्षालय में बैठ कर पसीना पोछते नजर आते हैं। मुसाफिरों ने इस ओर कलेक्टर एवं निगमायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराते हुये बस स्टैंड में व्याप्त अव्यवस्थाओं को ठीक कराये जाने की मांग कर रहे हैं।

### यात्री प्रतीक्षालय में बदबू एवं गंदगी से मुसाफिर परेशान



बस स्टैंड यात्री प्रतिक्षालय में गंदगी के चलते मुसाफिर परेशान रहते हैं। यात्रीगण बताते हैं कि इस प्रतिक्षालय में बदबू इतना है कि नाक ढक कर बैठना पड़ता है। उसका मुख्य कारण है कि साफ-सफाई अच्छे तरीके से ननि के सफाई कर्मियों के द्वारा नही की जाती है। यहां सभ्रांत नागरिक एवं साफ-सुथरे लोग बैठने से परहेज करते हैं।

### ताश खेलने वालों का लगता है जमघट




आलम यह है कि यात्री प्रतिक्षालय में ताश 52 पत्ते खेलने वालों का कई फड़ नजर आता है। आज दिन मंगलवार की दोपहर के वक्त बस स्टैंड यात्री प्रतिक्षालय में ताश खेलते लोग नजर आये। यात्री बताते हैं कि यह तो एक ही फड़ है, यहां तीन-चार रोजाना एक साथ लगते हैं। इन्हें कोई रोकने-टोकने वाला नही है।

# बरवाहडीह एवं बड़रम में अवैध रेत का भण्डारण

## सोनघड़ियाल अभ्यारण्य अमला अनजान

नवभारत न्यूज

**चितरंगी 14 अप्रैल। संजय नेशनल पार्क अभ्यारण्य बगदरा के बरवाहडीह एवं बड़रम में रेत का अवैध भण्डार हुआ है। यह रेत सोन नदी से उत्खनन एवं परिवहन कर अवैध तरीके से भण्डारण कराया गया है। आरोप है कि सोनघड़ियाल अभ्यारण्य अमले की नजर इस रेत के भण्डारण पर नही पड़ रही है।**



दरअसल सोन नदी बीछी समेत कई घाटों से रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन इन दिनों व्यापक पैमाने पर कराया जा रहा है। आरोप है कि बगदरा अंचल में करीब 30 ट्रैक्टर एवं तीन हाईवा वाहन रेत के उत्खनन व परिवहन में लगे हुये हैं। आरोप है कि बगदरा चौकी प्रभारी एवं सोन घड़ियाल अभ्यारण्य रेत कारोबारियों को खुला संरक्षण मिला हुआ है। जिनके संरक्षण में रेत कारोबारी खूब पलपोस रहे हैं। आरोप यह भी लग रहा है कि बगदरा क्षेत्र के बरवाहडीह एवं बड़रम में सोन नदी से रेत उत्खनन कर अवैध तरीके से व्यापक पैमाने पर भण्डारण कराया गया है और इस रेत के हाईवा वाहनों के माध्यम से बरदहा घाट के मार्ग से यूपी खपाया जा रहा है। आरोप यह भी लग रहा है कि सोन घड़ियाल अमला यहां दोहरा मापदण्ड अपना रहा है। रेंजर चतुर सिंह की चतुराई भी अलग है। वे रेत माफियाओं पर रहम एवं छोटे कारोबारियों पर सितम बरपाते हुये वाहवाही लूट रहे हैं। रेत का अवैध भण्डारण किसके अनुमति से किया गया है।

## एक नजर में

### भाजपा ने मनाई संविधान निर्माता की जयंती



**सिंगरौली।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती का सुनियोजित कार्यक्रम भाजपा ने अपनी सबसे छोटी इकाई बूथ समिति से लेकर जिला स्तर तक बड़े ही धूमधाम से मनाई। पार्टी ने जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह के नेतृत्व में अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या से ही कार्यक्रम का शंखनाद कर दिया था। एक दिन पूर्व 13 अप्रैल को ही पार्टी ने इसकी व्यापक तैयारियां कर ली थीं। भाजपा के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने जिले भर में स्थित अंबेडकर जी की प्रतिमाओं एवं आस-पास के परिसर की साफ-सफाई कर रंग रोगन का कार्य किया था। जिले के समस्त जन प्रतिनिधि विधायक रामनिवास शाह, राजेंद्र मेश्राम, ननि अध्यक्ष देवेश पांडेय, समस्त पार्षदों के साथ सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संध्या दीप उत्सव में भाग लिया।

### कक्षा 10वीं व 12वीं के परीक्षा परिणाम आज होगा घोषित

**सिंगरौली।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र. भोपाल के द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं का मुख्य परीक्षा परिणाम कल दिन बुधवार को 11 बजे दिन प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा भोपाल से घोषित किया जाएगा। जहां सिंगरौली के छात्र-छात्राओं में परीक्षा परिणाम को लेकर छात्र-छात्राओं की धड़कने भी बढ़ी हुई हैं। आलम यह है कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परिक्षार्थियों की घबराहट आज से ही बढ़ गई हैं। कल दिन बुधवार को 11 बजे सभी छात्र-छात्राओं एवं उनके अभी भावको की नजर टीकी हुई हैं। परीक्षा परिणाम जानने के लिए माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल के द्वारा बताई गई लिंक एवं वेबसाईड जारी किया गया है। परिक्षार्थी कल 11 बजे से ही अपनी नजर इन्टरनेट पर रखें रहेंगे।




# महुआ गांव में फिर फल-फूल रहा अवैध कबाड़ कारोबार

## पुलिस चौकी निवास क्षेत्र पर उठे सवाल

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 14 अप्रैल। पुलिस चौकी निवास क्षेत्र अंतर्गत महुआ गांव में इन दिनों अवैध कबाड़ दुकानों के खुलेआम संचालन को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि गांव में कई स्थानों पर कबाड़ की अवैध दुकानें धड़ल्ले से संचालित हो रही हैं और यह कारोबार कथित रूप से पुलिस संरक्षण में चल रहा है।**

ग्रामीणों का कहना है कि पहले भी एक दुकान पर छापामार कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में कीमती मशीनों के पाट्र्स और संदिग्ध कबाड़ सामग्री बरामद हुई थी, जिसके बाद कुछ समय के लिए कारोबार बंद हुआ, लेकिन अब फिर से यह धंधा तेजी से शुरू हो गया है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार अवैध कबाड़ कारोबार के कारण चोरी की घटनाओं में भी वृद्धि की आशंका बनी रहती है। लोगों का कहना है कि मशीनों के पाट्र्स, लोहे के सामान और अन्य कीमती सामग्री यहां बेची और खरीदी जा रही है, जिससे आसपास के ग्रामीणों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। मामले को लेकर स्थानीय लोगों ने रीवा पुलिस महानिरीक्षक का ध्यान आकर्षित करते हुए निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते इस अवैध कारोबार पर रोक नहीं लगाई गई तो क्षेत्र में अपराध और चोरी की घटनाएं बढ़ सकती हैं। ग्रामीणों ने जिम्मेदार अधिकारियों से महुआ गांव में चल रहे इस धंधे पर तत्काल कार्रवाई की मांग उठाई है।

# समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को भी न्याय मिले : रामनिवास

## बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती पर अटल सामुदायिक भवन बिलौंजी में हितग्राही सम्मेलन आयोजित

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 14 अप्रैल। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम और हितग्राही सम्मेलन का आयोजन अटल सामुदायिक भवन बिलौंजी में किया गया।**




उक्त कार्यक्रम में विधायक द्वय रामनिवास शाह, राजेन्द्र मेश्राम, महापौर रानी अग्रवाल, कलेक्टर गौरव बैनल, ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष सुन्दर लाल शाह, पूर्व विधायक रामलल्लू बैस के उपस्थिति में हितग्राही सम्मेलन आयोजित किया गया। हितग्राही सम्मेलन में संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित कराया गया। समारोह में उपस्थित हितग्राहियों को संबोधित करते हुये सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती पर नमन करते हुये कहा कि बाबा साहेब का संकल्प था कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को समाज के मुख्यधारा से कैसे जोड़ा जायें। उन्होंने अपना पूरा जीवन सामाजिक स्तर पर पिछड़े वर्ग के नागरिको के उत्थान में लगा दिया। बाबा साहेब का संविधान हमे समानता का अधिकार देता है और एक जन प्रतिनिधि होने के नाते मेरा कर्तव्य है कि समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को भी न्याय मिले। वही देवसर विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब का जीवन केवल एक व्यक्ति की गाथा नही अपितु करोड़ो लोगो के संकल्प और सर्घष का प्रतीक है। शिक्षा पर जोर देते हुयें बाबा साहेब ने कहा था शिक्षा शेरनी का दूध है, जो उसे पियेगा वही दहाड़ेगा। उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र में हर बच्चे को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मिले, बाबा साहेब को यही सच्ची श्रद्धांजली होगी। उक्त कार्यक्रम के दौरान जिपं सीईओ जगदीश गोमे, अपर कलेक्टर प्रभाशंकर त्रिपाठी, पार्षद संतोष शाह, आशीष बैस, डीईओ एसबी सिंह, डीपीसी आरएल शुक्ला सहित अन्य मौजूद रहे।

# विंध्याचल ने डॉ .बीआर अम्बेडकर जयंती पर दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

**विंध्यनगर 14 अप्रैल। एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा डॉ. बीआर अम्बेडकर जी की 135वीं जयंती के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।**



भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख संजीब कुमार साहा ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कार्यक्रम का नेतृत्व किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारीगण एके राजकुमार, प्रचालन एवं अनुरक्षण एम सुरेश, मेंटेनेंस एवं एडीएम डॉ. बीके भराली, देवब्रत त्रिपाठी, रूमा दे शर्मा सहित अन्य विभिन्न विभागा अयक्षो ने भी बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग पॉच सैकड़ा से अधिक प्रतिभागियों की रैली का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों, उनके परिजनों, विद्यालयों के प्राचार्यों, शिक्षकों, यूनियन प्रतिनिधियों एवं लगभग 250 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर एनटीपीसी विंध्याचल ने समावेशिता, सामाजिक समानता एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः दोहराया।



# संत शिरोमणि सेन व अम्बेडकर जी की मनी जयंती

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 14 अप्रैल।** सेन समाज विकास संगठन द्वारा संत शिरोमणि सेन महाराज एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास से मनाई गई। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य व्यक्तियों एवं बड़ी संख्या में समाजजनों की सहभागिता रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमोद नापित विधि प्रकोष्ठ द्वारा की गई। इस अवसर पर रामगोपाल पटेल एवं विजय वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

# रक्तदान से जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाया जा सकता है : एसडी

## अंबेडकर जयंती पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित, 51 यूनिट रक्त संग्रहित

नवभारत न्यूज

**शक्तिनगर 14 अप्रैल। डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की जयंती के पावन अवसर पर आज 14 अप्रैल को थाना शक्तिनगर जनपद सोनभद्र परिसर में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया।**




यह आयोजन इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित रेडक्रॉस ब्लड सेंटर के सहयोग से संपन्न हुआ, जिसमें क्षेत्रीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। शिविर के दौरान कुल 51 यूनिट स्वैच्छिक रक्त संग्रहण किया गया, जो समाज सेवा एवं मानव कल्याण की दिशा में एक सराहनीय उपलब्धि है। इस अवसर पर थाना शक्तिनगर के थाना अध्यक्ष कमल नयन दुबे ने स्वयं रक्तदान कर उपस्थित जनसमुदाय को प्रेरणादायक संदेश दिया, जिसके फलस्वरूप अनेक लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इस अवसर पर इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी सिंगरौली के चेयरमैन एसडी सिंह, सचिव डॉ. ओपी राय, रेडक्रॉस ब्लड सेंटर के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. आरडी द्विवेदी एवं प्रबंध समिति सदस्य सत्य प्रकाश सिंह तथा कृष्ण कांत वशिष्ठ समाज सेवी द्वारा सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। डॉ. आरडी द्विवेदी ने संबोधित किया। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही, वहीं पूर्व सांसद रामसकल, आनंद कुमार, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रशांत श्रीवास्तव, आशीष चौबे, पूर्व उपाध्यक्ष अनिल सिंह गौतम अन्य मौजूद रहे।

# एनसीएल ने डॉ . भीमराव अंबेडकर को किया श्रद्धापूर्वक नमन




नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 14 अप्रैल। भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी एनसीएल में भारतरत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई।**

इस अवसर पर स्वतंत्र भारत के संविधान निर्माता बाबा साहेब को एनसीएल परिवार द्वारा भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। एनसीएल मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कंपनी के निदेशक मनीष कुमार, निदेशक रजनीश नारायण, आशुतोष द्विवेदी, मुख्य सतर्कता अधिकारी अजय कुमार जायसवाल, कंपनी जेसीसी सदस्य सीएमएस से अजय कुमार, बीएमएस से अशोक कुमार मिश्र, आरसीएसएस लाल पुष्पराज सिंह सहित अन्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्षों के साथ बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए और बाबा साहेब को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उपस्थित सभी ने बाबा साहेब द्वारा प्रतिपादित समता, न्याय और समानता के मूल्यों को अपने दैनिक जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया।

# अधिष्ठापन एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित




नवभारत न्यूज

**अनपरा 14 अप्रैल। भारत विकास परिषद क्रॉसिंग रिपब्लिक शाखा का अधिष्ठापन एवं शपथ ग्रहण समारोह सेवियर ग्रीन्सले सोसाइटी स्थित विज्डम क्लब हॉल में गर्मजोशी के साथ संपन्न हुआ।**

दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रीय गीत के उपरांत अतिथियों का स्वागत शाखा के अध्यक्ष आलोक मिश्रा द्वारा किया गया। अधिष्ठापन अधिकारी मुक्ता अग्रवाल, प्रांतीय महासचिव की देखरेख में नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ओम राजपूत ने बतौर शाखा अध्यक्ष, गुंजन शर्मा ने बतौर शाखा सचिव, क्षितिज वशिष्ठ ने बतौर कोषाध्यक्ष, राशि गुप्ता ने बतौर उपाध्यक्ष शपथ ग्रहण किया गया। बतौर मुख्य वक्ता क्षेत्रीय महासचिव राजीव गोयल ने अपने संबोधन से सभी का मार्गदर्शन किया तथा क्रॉसिंग रिपब्लिक शाखा के कार्यकलापों की सराहना की। इसी प्रकार 2026-27 सत्र के लिए नवनियुक्त अध्यक्ष ओम राजपूत ने क्रॉसिंग रिपब्लिक में कार्यशाला आयोजित करने, सदस्य संख्या बढ़ाने का भरोसा दिलाया।

# चेक पोस्ट अमले को विवाद में हस्तक्षेप करना पड़ा भारी

## ढाबा के दबंगों ने की मारपीट, तीन आरोपियों के खिलाफ जियावन थाना में अपराध पंजीबद्ध

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 14 अप्रैल। झुरही जंगल में चेक प्वाइंट कर्मियों के साथ न्यू मधुवन ढाबा के गुण्डों ने हाथापाई करते हुये मारपीट किया है। चेक प्वाइंट कर्मियों का गुनाह इतना था कि न्यू मधुवन ढाबा के गुण्डों ने एक वाहन चालक को खदेड़ कर मारपीट करने उतारू थे। चालक को चेक प्वाइंट कर्मियों ने बचा दिया। जहां ढाबा के संचालक एवं गुर्गो को नागवार लगा और बाद में वे झुरही पहुंच चेक प्वाइंट कर्मियों के साथ भी मारपीट की है।**

जानकारी के अनुसार बरगवां-देवसर मार्ग के झुरही में नाला के पास आरटीओ विक्रम सिंह राठौर के निर्देश एवं चेक प्वाइंट प्रभारी विभा उईके के नेतृत्व में चेक प्वाइंट कर्मियों के द्वारा ओव्हर लोड वाहनों एवं प्रदूषण मानको के उल्लंघन की जांच के साथ वाहनों में रिफ्लेक्टर लगाने का कार्य बीते दिन सोमवार को किया जा रहा था। इसी दौरान




एक वाहन चालक भागते हुये चेक प्वाइंट कर्मियों के पास पहुंच गया और उसने बचाने की गुहार लगाने लगा। उसके पीछे न्यू मधुवन के संचालक व उसके गुर्गे भी पहुंच वाहन चालक के साथ मारपीट करने लगे। मौके पर मौजूद चेक प्वाइंट कर्मियों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया, किंतु बाद में उक्त ढाबा के संचालक संतोष कुमार साहू व उसके गुर्गे अरविन्द कुमार बैस के साथ बाईक से पहुंच चेक प्वाइंट कर्मियों के साथ भी मारपीट एवं धक्कामुक्की भी करने लगे। वे उस बात पर खफा थे कि चालक के साथ मारपीट करने क्यों नही दिये। इस घटना के बाद चेक प्वाइंट कर्मियों ने जियावन थाना पहुंच आरोपी संतोष कुमार साहू, अरविन्द कुमार बैस व अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया, जहां पुलिस ने उक्त आरोपियों के विरूद्ध बीएनएस की धारा 2023 132, 2023 121(1), 2023 296(बी), 2023 115 (2), 2023 351 (2), 2023 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। वहीं चेक प्वाइंट कर्मियों ने कई बसों एवं हाईवा वाहन की जांच कर रिफ्लेक्टर रेडियम भी लगाया।